आकाशवाणी चंडीगढ़

19 नवंबर 2024, समय 1810

- केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने आज विश्व शौचालय दिवस पर "हमारा शौचालय हमारा सम्मान" अभियान शुरू किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पट्टेदारों को भूमि के मालिकाना हक़ सहित हरियाणा सरकार ने संकल्प पत्र के 22 और वादों को पूरा कर दिया है।
- हरियाणा विधानसभा में आज हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक सहित छ :विधेयक पारित किए गए।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अगले चरण में देशभर में छ : लाख मकान बनाये जाएंगे।
- उत्तर भारत में पड़ रही धुंध के कारण रेल यातायात प्रभावित, अंबाला रेलवे स्टेशन पर अनेक रेल गाड़ियां देरी से पहुंची।

*******************************************************

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान नामक तीन सप्ताह तक चलने वाला अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के बुनियादी ढांचे में सुधार, व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और देश भर में शौचालयों की कार्यक्षमता और रखरखाव को बढ़ाकर सामुदायिक गौरव को मजबूत करना है। अभियान के दौरान प्रतियोगिताएं आयोजित की

जाएंगी और नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसका समापन अगले महीने की 10 तारीख को होगा, जिसे राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनकी सरकार का संकल्प पत्र उनके लिए वचन पत्र है, हर एक वायदे को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज विधानसभा सत्र के समापन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प-पत्र के दो और वचनों को पूरा किया है। सरकार ने हरियाणा राज्य के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया है।

साथ ही हरियाणा कौशल रोजगार निगम और आउटसोर्स प्रथम व द्वितीय भाग के अनुबंधित कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की तर्ज पर शेष विस्तार प्राध्यापकों, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक की अतिथि फैकल्टी जैसी अनेक श्रेणियों के अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सुरक्षित करने का कानून बनाया है।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा के निर्माण के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि चंडीगढ़ पर हमारा भी अधिकार है और हरियाणा के सभी दलों के नेता इस विषय पर एकमत हैं।

*******************************************************

हरियाणा विधानसभा में आज भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2024 और हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक, सहित छः विधेयक पारित किए गए।पारित किए गए अन्य विधायकों में हरियाणा माल एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2024, हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता) विधेयक, हरियाणा विनियोग (संख्या 3) अधिनियम और हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता), विधेयक शामिल हैं।हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक, 2024 कृषि भूमि को पट्टे पर देने की मान्यता के लिए एक तंत्र प्रदान करने, कृषि भूमि को पट्टे पर देने की अनुमति देने, उसे सुगम बनाने, भूमि स्वामियों के अधिकारों को संरक्षित करने हेतु और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए उपबंध करने हेतु पारित किया गया।

हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता), विधेयक योग्य विस्तार प्राध्यापक और अतिथि प्राध्यापक की राजकीय महाविद्यालयों में लम्बी सेवा को ध्यान में रखते हुए उनकी सेवाओं की सुरक्षा के लिए पारित किया गया है।इसी तरह अतिथि संकाय व अनुदेशकों की सेवा की सुनिश्चितता हेतु और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए उपबंध करने हेतु हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता), विधेयक पारित किया गया है।

*****************************************************

केंद्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले चरण में देश भर में 6 लाख मकान बनाने का लक्ष्य है। इसमें करनाल जिले के एक हजार मकानों के निर्माण का कार्य सर्वे के बाद जल्द शुरू कर दिए जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री आज करनाल में ई दिशा की पहली बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के लिए बनाए गए सांझा बाजार को दुगना किया जाएगा, यह एक अच्छा प्रयोग है।

दिसंबर को किसानों द्वारा दिल्ली जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर एक का मौलिक अधिकार है, इस पर किसी को आपत्ति नहीं है लेकिन प्रदर्शन को हिंसात्मक रूप देना ठीक नहीं है।

********************************************************

उत्तर भारत में पड़ रही धुंध के कारण आज भी रेल यातायात प्रभावित रहा। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर अनेक रेल गाड़ियां अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना

हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज सहरसा से अमृतसर जाने वाली अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस 13घंटे, नेताजी एक्सप्रेस 10 घंटे, अमृतसर

जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 5 घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस 3 घंटे और झेलम एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से पहुंची।

*******************************************************

हरियाणा विधान सभा का शीतकालीन सत्र आज सम्पन्न हो गया। सत्र के दौरान कल सात और आज 6 विधेयक पारित किए गए। बड़ी संख्या में विधायकों ने विधेयकों पर चर्चा की। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सत्र के अंतिम दिन रूलिंग दी कि अब हरियाणा विधान सभा में 'एक्टिंग स्पीकर' के स्थान पर 'प्रोटेम स्पीकर' शब्द का प्रयोग किया जाएगा।अंतिम दिन दो ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर भी व्यापक चर्चा हुई।